# हक के लिए आज किसानों का भोपाल कूच

- अपनी फसलों के उचित दाम और मांगों को लेकर निर्णय
- नर्मदा पूजन के बाद गूंजेगा आंदोलन का स्वर



नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 26 जुलाई. अपनी फसलों के उचित दाम और लंबित मांगों के समाधान की उम्मीद लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने अब राजधानी भोपाल की ओर कूच करने का निर्णय लिया है.**

रविवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की उम्मीद थी, लेकिन मुख्यमंत्री के प्रदेश से बाहर होने के कारण किसान प्रतिनिधिमंडल की बैठक नहीं हो सकी. इसके बाद किसान संगठनों ने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया है. जिसकी रणनीति गांव-गांव में बन रही है.

सोमवार सुबह किसान नर्मदा पूजन के साथ भोपाल के लिए पैदल यात्रा शुरू करेंगे. किसानों का कहना है कि वे अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे और जरूरत पड़ी तो सीएम हाउस का घेराव भी करेंगे.

किसानों की प्रमुख मांगो में समर्थन मूल्य पर शत-प्रतिशत मूंग खरीदी, खाद वितरण में ई-टोकन व्यवस्था को सरल और प्रभावी बनाने, मंडी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार खरीदी व्यवस्था लागू करने तथा फसल बीमा की लंबित क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान शामिल है. राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश गौर ने बताया कि

रविवार को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में मुख्यमंत्री के मिलने के बाद यह निर्णय लिया है. साथ आंदोलन की आगे की रणनीति तैयार की गई. बैठक में करीब 13 किसान संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए. प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री से मुलाकात का आश्वासन दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री के दिल्ली रवाना होने के कारण यह मुलाकात नहीं हो पाई. किसान नेताओं का कहना है कि खेतों में मेहनत करने वाला किसान अब अपनी उपज के सम्मान और अधिकार के लिए राजधानी की ओर बढ़ रहा है. उनका कहना है कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा.

> इस आंदोलन में भारतीय किसान यूनियन, क्रांतिकारी मजदूर किसान संगठन, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ सहित कई किसान संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हैं.

# श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहा श्री नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान



नवभारत न्यूज

**हरदा, 26 जुलाई. शहर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टाह्निका पर्व के अवसर पर श्री नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो रहा है.**

प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म आराधना में सहभागी बन रहे हैं. रविवार को आयोजन के पांचवें दिन भगवान श्रीजी का अभिषेक कर विधि-विधान से मंडल विधान संपन्न कराया गया. जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि श्री नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान जैन धर्म का अत्यंत पवित्र अनुष्ठान है, जिसके आयोजन से श्रद्धालुओं में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है तथा आध्यात्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है.इस अवसर पर समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूजा-अर्चना की.

## एक नजर में



### पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने किया संवाद

**सिलवानी, 26 जुलाई.** ग्राम सियरमऊ में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामपाल सिंह ने अल्प समय के प्रवास के दौरान स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया. इस अवसर पर उन्होंने संगठन की गतिविधियों, जनसंपर्क अभियान एवं क्षेत्र के विकास संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रियता के साथ जनसेवा में जुटे रहने का आह्वान किया .कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री रामपाल सिंह का आत्मीय स्वागत किया तथा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संदेश दिया .इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश खरे, विक्रम शाह, गुड्डा जैन, वंशीलाल, विनोद शाह, बृजेश शुक्ला, दीनबंधु तिवारी, मनोहर, कुंदन कुशवाहा, धीरेंद्र शाह, नरेंद्र शाह, भूपेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स को दिया विशेष प्रशिक्षण

**पिपरिया, 26 जुलाई.** ईको सेंटर मटकुली में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम अंतर्गत कार्यरत चारों उपवनमंडलों के टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स के 24 सदस्यों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया. प्रशिक्षण में टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स के दायित्वों, संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी एवं रणनीतिक गश्त, वन अपराधों की रोकथाम तथा त्वरित कार्रवाई की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई. साथ ही सदस्यों को कैमरा ट्रैपिंग एवं गश्ती के दौरान एम-स्ट्राइप्स ऐप के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया. प्रशिक्षण का उद्देश्य टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स की दक्षता एवं कार्यकुशलता में वृद्धि कर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के संवेदनशील क्षेत्रों में मजबूत निगरानी सुनिश्चित करना है.

### सतपुड़ा में 'बाघ पखवाड़ा' का आयोजन

**पिपरिया, 26 जुलाई.** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 2026 के अवसर पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा 29 जुलाई तक 'बाघ पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को बाघ संरक्षण एवं उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है. अभियान के तहत प्रा. शाला केली, शा. मा. शाला बिछुआ, प्रा. शाला पाठई, शा. उ. मा. विद्यालय झिरपा एवं शा. मा. शाला महुआखेड़ा के 291 विद्यार्थियों को बाघों के महत्व, संरक्षण एवं पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी दी गई. विद्यार्थियों को 'बाघ मित्र' के रूप में वन्यजीव संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई.विद्यार्थियों ने पौधारोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया. पिपरिया के दुर्गा मंदिर चौराहे पर लगी एडवर्टाइजिंग स्क्रीन पर 29 जुलाई तक बाघ संरक्षण संबंधी जागरूकता संदेशों का प्रसारण किया जा रहा है. इस अभियान के तहत अब तक 10,345 व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को बाघ संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा चुका है.

### बन कर्मचारी कैलाश रघुवंशी का निधन



**सिवनी मालवा, 26 जुलाई .** सिवनी मालवा की उपनगरीय बानापुरा निवासी वन विभाग के कर्मचारी कैलाश रघुवंशी का 55 वर्ष की आयु में अल्प बीमारी के बाद निधन हो गया. वे पुलिसकर्मी शिवम रघुवंशी एवं लोको पायलट सचिन रघुवंशी के पिता थे. उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. दिवंगत कैलाश रघुवंशी का अंतिम संस्कार मां नर्मदा के प्रसिद्ध आंवली घाट पर किया गया. उनके बड़े पुत्र शिवम रघुवंशी ने मुखाग्नि दी. अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधु, सैकड़ों गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन एवं शुभचिंतक शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी. अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दें.

## 29-30 जुलाई को तेज बारिश का अलर्ट

**नर्मदापुरम.** मानसून ट्रफ और सक्रिय मौसमी सिस्टम के चलते नर्मदापुरम सहित पूरे मध्यप्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर तेज होने वाला है. मौसम विभाग ने 29 और 30 जुलाई को भारी बारिश (हैवी रेन) का अलर्ट जारी किया है. फिलहाल नर्मदापुरम में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं. दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच धूप खिल रही है, जिससे वातावरण में उमस बढ़ गई है. शनिवार को शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बौछारें भी दर्ज की गईं. मौसम विभाग ने 29 जुलाई को नर्मदापुरम संभाग सहित संभाग के जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तर ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट के ऊपर बना सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र अब मजबूत होकर अवदाब में बदल गया है.

# सर्व ब्राह्मण संगठन ने लगाए 18 पौधे

- समस्त नागरिकों को संरक्षण का दिलाया संकल्प
- यादगार बनाने के लिए हर वर्ष चलाया जाता है पौधारोपण



नवभारत न्यूज

**हरदा, 26 जुलाई.पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा रविवार शाम तवा कॉलोनी स्थित देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक वातावरण के बीच आम, जामुन, बिल्व, नीम और बरगद सहित कुल 18 पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ. संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष वर्षाकाल के प्रारंभ में समाज के सदस्यों के जन्मदिवस, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य विशेष अवसरों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण अभियान चलाया जाता है. उन्होंने कहा कि पौधे लगाना जितना आवश्यक है.

> **ये रहे उपस्थित**
> कार्यक्रम में विशेष अतिथि योगमाया शर्मा, संगठन के संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष रोहित तिवारी एवं संदीप स्वामी, मिडिया प्रभारी अखिलेश पाराशर,पौधारोपण प्रभारी दीपक शुक्ला, प्रतीक शर्मा, महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु, अश्लेषा शुक्ला, पूजा राजवैद्य, पूजा शुक्ला, कुमकुम पाराशर, कल्पना काशिव, पंडित रूपेश तिवारी, विजय शर्मा, युवा इकाई कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप मंडलोई, प्रशांत शर्मा, गोपाल शुक्ला, अरुण तिवारी, शशिभूषण जोशी, प्रहर्ष डाले, मनीष व्यास, विनोद मलतारे सहित समाजजन उपस्थित रहे.

## सांदीपनी में भारतीय स्काउट-गाइड का बिगनर्स कोर्स शिविर संपन्न



नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 26 जुलाई. शासकीय सांदीपनी विद्यालय, सिलवानी में भारतीय स्काउट एवं गाइड संगठन के तत्वावधान में बिगनर्स कोर्स प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया.**

शिविर में सिलवानी, बेगमगंज एवं गैरतगंज क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के स्काउट प्रभारी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. शिविर का संचालन स्काउट प्रशिक्षक सुशील बिल्लोरे एवं राजेश मेवाड़ ने किया, जबकि एन.के. शर्मा, प्रमोद मेहर एवं डी.एस. बघेल ने शिविर सहायक के रूप में प्रशिक्षण कार्य में सहयोग प्रदान किया। अध्यक्षता शासकीय सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य एन.पी. शिल्पी ने की। स्काउट प्रभारी महेंद्र सिंह यादव की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन हुआ। प्रतिभागियों को भारतीय स्काउट एवं गाइड के इतिहास, उद्देश्य, सिद्धांत, प्रतिज्ञा, नियम की जानकारी प्रदान की गई.

# 15 पंचायतों में किसान पाठशाला सह ग्रामसभा

- जुलाई तक बढ़ाई फसल बीमा की अंतिम तिथि
- नारबाई प्रबंधन हेतु किसानों को किया गया जागरूक



नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 26 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशों एवं अनुविभागीय अधिकारी के आदेश के परिपालन में अनुभाग पिपरिया अंतर्गत तहसील पिपरिया एवं बनखेड़ी की समस्त ग्राम पंचायतों में 'नारबाई प्रबंधन एवं फसल बीमा जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार 26 जुलाई 2026 को शेष बची 15 पंचायतों में गांव-गांव में 'किसान पाठशाला सह ग्राम सभा' आयोजित की गई.

ग्राम सभा में किसानों को बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है. योजना का लाभ ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के कृषक ले सकते हैं. किसान अपना पंजीकरण नजदीकी बैंक, सहकारी समिति अथवा सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन करवा सकते हैं. आवेदन हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि संबंधी दस्तावेज - खसरा-खतौनी एवं बुवाई का प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। इस योजना के अंतर्गत सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़ एवं कीटों के प्रकोप से फसलों को होने वाले नुकसान पर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है.

## बेरशेबा इंटरनेशनल स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**पिपरिया.** बेरशेबा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार, 25 जुलाई 2026 को विद्यालय परिसर में नव नियुक्त कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह पिपरिया क्षेत्र के विधायक ठाकुरदास नागवंशी की उपस्थिति में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. समारोह में विद्यालय कैबिनेट के कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर बैंड-बाजे के साथ मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई. प्राचार्या निशिथिका सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा भेंटकर विधायक का स्वागत किया.



## स्वर्गीय श्रीमती विमला देवी चौधरी को अर्पित किए श्रद्धासुमन

### कृषि मंत्री शिवराज ने वर्चुअली व्यक्त की शोक संवेदना

नवभारत न्यूज

**पिपरिया, 26 जुलाई. सेमरी तला एवं छुछाहर के प्रतिष्ठित चौधरी परिवार की पूज्य माताजी एवं अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी की माताजी स्वर्गीय विमला देवी चौधरी के देवलोकगमन के उपरांत न्यू माहेश्वरी भवन, सांडिया रोड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए.**

श्रद्धांजलि सभा में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्चुअल माध्यम से श्रद्धांजलि सभा में जुड़े और स्वर्गीय विमला देवी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल चौधरी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं.

सभा को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि भारतीय परंपरा में माता का स्थान सर्वोच्च है. स्वर्गीय विमला देवी जी ने अपने परिवार को संस्कार, स्नेह और सेवा के मूल्यों से सींचा। उनका निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है.

उन्होंने कहा कि मृत्यु भोज को सीमित कर उसकी जगह श्रद्धांजलि सभा आयोजित करना एक अनुकरणीय एवं सकारात्मक पहल है. ऐसे अवसरों को सामाजिक चेतना, संस्कार और सेवा से जोड़ना समाज को नई दिशा देता है.

# शहीदों को याद कर छात्राओं ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प




नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 26 जुलाई. सिवनी मालवा शासकीय कन्या महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.**

इस दौरान छात्राओं के लिए कारगिल विजय विषय पर व्याख्यान, संगोष्ठी एवं परिचर्चा, निबंध, भाषण, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आधारित प्रेरक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रध्वज को नमन एवं राष्ट्रगान के माध्यम से छात्राओं में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना का संचार किया गया। प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, अनुशासन, राष्ट्रनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान का अमर प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने विषम परिस्थितियों में अद्वितीय पराक्रम का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की.

**अपील** | युवाओं में बढ़ती अस्वस्थता पर चिंतित विशेषज्ञ चिकित्सकों की अपील

# नशे को कहें 'ना', स्वस्थ जीवन को अपनाएं



नवभारत न्यूज

**हरदा , 26 जुलाई. समाज की सुरक्षा में दिन-रात तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों के स्वास्थ्य को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस लाइन हरदा में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया गया.**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार चल रहे 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत बघेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएचआरसी ग्रुप) एवं रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त पहल से आयोजित इस शिविर में पुलिसकर्मियों, उनके परिवारजनों तथा ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कराया. उन्होंने पुलिसकर्मियों से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, नशे से दूर रहने और समाज में भी स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया.कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक (महिला सेल) अरूणा सिंह, आरआई रजनी गुर्जर सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवारजन तथा ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे. स्वास्थ्य शिविर को पुलिसकर्मियों के प्रति संवेदनशील सोच और जनसेवा को समर्पित एक सराहनीय पहल माना गया. चिकित्सकों ने नशे के दुष्प्रभावों से आगाह करते हुए संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया.

> हृदय रोग विशेषज्ञ एवं गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. शैली माहेश्वरी राठी, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. अंशुम राठी, जनरल फिजिशियन डॉ. आदर्श शुक्ला तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. येशली ठाकुर ने स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया.

# ग्राम छातेर में बुजुर्ग पर जंगली जानवर ने किया हमला, घायल

### कुल्हाड़ी से वार कर और शोर मचाकर बचाई जान



नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 26 जुलाई. ग्राम छातेर में शनिवार दोपहर खेत में बकरी चराने गए 55 वर्षीय हाकम सिंह भारती पर एक जंगली प्राणी ने हमला कर दिया। घटना के समय उनके साथ दो अन्य लोग भी मौजूद थे, जो हमले के दौरान जान बचाने के लिए दूर छिप गए.**

बताया जा रहा है कि बुजुर्ग ने जोर-जोर से शोर मचाया और हाथ में मौजूद कुल्हाड़ी दिखाकर अपना बचाव किया। इससे जंगली प्राणी पीछे हट गया, लेकिन इससे पहले उसने बुजुर्ग के शरीर पर पंजों से हमला कर घायल कर दिया.घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमला करने वाला जंगली प्राणी कौन-सा था. वन विभाग मामले की जांच में जुटा है.

## शहीदों को किया नमन

**नर्मदापुरम.** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वारियर्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक प्रेरणादायी एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

**नाम परिवर्तन**

मैं चंदन कुमार साहा आ. श्री प्राणेश्वर साहा, निवासी-रामकृष्ण नगर बंगाली कॉलोनी नर्मदापुरम सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि पूर्व में मेरा नाम चंदन कुमार मेरी अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है. मैंने अपना नाम परिवर्तित कर पूर्व नाम चंदन कुमार के स्थान पर चंदन कुमार साहा कर लिया है. मेरा वर्तमान नाम चंदन कुमार साहा है. उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे स्वयं के हैं. मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे.

चंदन कुमार साहा आ. श्री प्राणेश्वर साहा निवासी-रामकृष्ण नगर बंगाली कॉलोनी नर्मदापुरम